प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे के पहले दिन जौनपुर, आजमगढ़, भदोही और प्रतापगढ़ में की रैली।
2. लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिये प्रदेश में प्रचार तेज : रायबरेली में प्रियंका गांधी, बांदा में अखिलेश यादव और फतेहपुर में मायावती ने जनसभा को किया संबोधित।
3. आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव ने आज लखनऊ में की संयुक्त प्रेसवार्ता : श्री केजरीवाल ने कहा– भाजपा खत्म करना चाहती है आरक्षण।

और

4. प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में अगले चार दिनों तक दिखेगा लू का असर : मौसम विभाग के मुताबिक, चार से पांच डिग्री तक बढ़ेगा तापमान।

———————

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज जौनपुर, आजमगढ़, भदोही और

प्रतापगढ़ में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जौनपुर में श्री मोदी ने कहा कि पहले विकास दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों तक ही सीमित था लेकिन अब अयाध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी बहुत विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा भी करती है। सीएए मोदी की गारंटी का ज्वलंत उदाहरण है। बाइट........

*मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है और कल ही सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो गया। पहले लॉट को ऑलरेडी नागरिकता दी गई और ये वो लोग है जो शरणार्थी बनकर के लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं। ये वो लोग हैं जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं, वे दोनों झूठ बोलते हैं और भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

प्रधानमंत्री आज रात लखनऊ के गवर्नर हाउस में रुकेंगे और कल बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में तीन और रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री उन निर्वाचन क्षेत्रों में रैली कर रहे हैं, जहां 5वें और 6वें चरण में मतदान होना है। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में पीएम मोदी के साथ मंच साझां किया और इसके अलावा कौशाम्बी तथा बांदा में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा

कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन नकारात्मक सोच का प्रतीक है। उधर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज रायबरेली में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में लोगों की जिन्दगी में मुश्किलें बढ़ी हैं। महिलाएं और किसान महंगाइ से परेशान है। वहीं युवा नौकरी के लिये भटकने को मजबूर हैं। बाइट........

*सच्चाई ये है कि दस सालों में आपके जीवन में तरक्की नहीं आई है, महंगाई बढ़ चुकी है इतनी बढ़ चुकी है कि हर रोज आपके लिए समस्या होती है। आप दुकान जाती हो, कुछ खरीद नहीं पा रही हो इसी तरह इस तरह से खेती से कमाना मुश्किल हो गया है। खेती के हर सामान पर जीएसटी है ऊपर से पेट्रोल डीजल भी महंगा उपज का दाम भी नहीं मिलता तो किसानों के लिए मुश्किल है। हर स्तर पर मुश्किलें हैं। बेरोजगारी इतनी है कि आज 70 करोड़ लोग बेरोजगार है तो हर तरफ से परेशानियां आपके कंधों पर लादी हुई है।*

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आज बांदा, फतेहपुर और कौशाम्बी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की।

भाजपा की निंदा करते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। पेपर लीक करा कर युवाओं के भविष्य को अंधकार में डाला गया है। युवा भाजपा को माफ नहीं करेंगे।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा सरकार की मुफ्त राशन योजना पर सवाल खड़ करते हुए कहा कि इससे गरीबों का स्थाई तौर पर भला नहीं होगा। उन्होंने भाजपा

पर कांग्रेस की तरह जांच एंजसियों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। साथ ही सपा मुखिया को आरक्षण का विरोधी बताया।

—————————

आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटें इसलिए मांग रही है क्योंकि वह संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहती ह। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी झांसा देने वाली पार्टी है। भाजपा ने किसानों और युवाओं के साथ धोखा किया है। अब लोग भाजपा की वास्तविकता जान चुके हैं और वे भाजपा को स्वीकार नहीं करने वाले हैं।

उधर, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने लखनऊ में प्रेसवार्ता कर भाजपा पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन उनका कर्ज तक माफ नहीं किया। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के बाद से ही कर्नाटक में गरीब परिवारों को हर माह 10 किलो अनाज और बेरोजगारों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह भत्ता

दिया जा रहा है। केन्द्र में सरकार बनने पर सभी जरूरतमंदों को यह लाभ दिये जायेंगे।

——————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच के बाद 150 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण की 13 सीटों के लिये 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र कल खारिज किये गये। इसी तरह दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये दो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए। इस विधानसभा सीट पर छह प्रत्याशियों के नामांकन सही पाये गये हैं।

नाम वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट समेत दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये एक जून को मतदान होगा।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट

**आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

**——————————**

**मौसम विभाग ने प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में अगले चार दिनों तक लू चलने की आशंका व्यक्त की है। लखनऊ मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक, बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कानपुर, मथुरा, आगरा, इटावा, जालौन, झांसी और ललितपुर समेत आसपास के इलाको में लू का असर देखने को मिलेगा। इस दौरान तापमान में चार से पांच डिग्री की बढ़ोत्तरी हो सकती है। बाइट.........**

*सत्रह तारीख से आने वाले चार पांच दिनों के लिए ताप लहर की चेतावनी है। इसका मेन कारण यही है कि आसमान पूरी तरीके से साफ है और पश्चिमी हवाओं का आगमन है और जो पश्चिमी हवाएं आती है गर्म हवाएं साथ लेकर आती है। इसकी वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी है। जो की सामान्य से तीन से पाँच डिग्री की बढ़ोत्तरी पूरे प्रदेश भर में होगा से ये जो बुंदेलखंड रीजन पोर्शन है आगरा डिवीजन ,बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज ये डिवीजन से स्टार्ट होगा फिर धीरे धीरे ये ऊपर की तरफ आगे बढ़ेगा।*

**——————————**

उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से आज लखनऊ में 17वें विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में कृषि पर्यटन बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। हमारे देश में कृषि पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि पर्यटन विभाग प्रदेश में कृषि पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है।

——————————

उत्तराखंड में तीर्थयात्री बिना पंजीकरण के चारधाम यात्रा नहीं कर सकते। नाकों और अन्य स्थानों पर सख्ती से जांच की जाएगी और बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। राज्य की मुख्य सचिव, राधा रतूड़ी ने बताया कि सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सूचित किया गया है कि अपने–अपने राज्य के तीर्थयात्रियों को चार धाम यात्रा की पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें। बाइट..........

*पर्यटन विभाग की वेबसाइट पे रजिस्ट्रेशन करने के बाद भी श्रुद्धालुओं को उत्तराखण्ड में आना है इसलिए ये बहुत आवश्यक है कि कोई भी श्रद्धालु बिना रजिस्ट्रेशन के यात्रा पर न आये। हम लोग इसी के तहत सभी प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र भेज रहे हैं कि अपने प्रदेश में इस बात का प्रचार कर दें कि कोई भी श्रद्धालु अनरजिस्ट्रड वाहन में या अनरजिस्ट्रड तरीके से उत्तराखण्ड की यात्रा पर न आये।*

(समाप्त)